# प्रादेशिक समाचार एकांश

## आकाशवाणी भोपाल

## दिनांक 06.10.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार :–

- मुरैना के जौरा से केलारस तक मेमू ट्रेन की हुई शुरूआत। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिखाई हरी झंडी।
- शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा– गुरूकुल परम्परा हमारे देश की शिक्षा का है आधार।
- शारदीय नवरात्र के चौथे दिन प्रदेश के मंदिरों में विशेष आयोजन जारी। मुख्यमंत्री ने भोपाल में किया कन्यापूजन।
- महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को दी मात। भारत–बांग्लादेश की पुरूष टीमों के बीच ग्वालियर में मुकाबला जारी।

मुरैना–ट्रेन– केन्द्रीय मंत्री–सिंधिया

आज मुरैना के जौरा अलापुर रेलवे स्टेशन से कैलारस तक मेमू ट्रेन की शुरुआत हो गई। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव वर्चुअल रूप से जुड़े। रेल मंत्री ने बताया कि ग्वालियर से श्योपुर ब्रोडगेज रेल लाइन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी को समर्पित होगी। यह रेलवे लाइन 2025 के 25 दिसंबर तक पूर्ण हो जायेगा। इस 188 किलोमीटर की नेरोगेज से ब्रोडगेज परियोजना को 2355 करोड़ रूपये की लागत से पूरा किया जा रहा है।

आज आरंभ हुआ 13 किलोमीटर के रेल खण्ड पर 163 करोड़ रूपये का खर्च हुआ है। उन्होने बताया कि अभी तक 61 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि गेज परिवर्तन से चम्बल क्षेत्र व मध्यप्रदेश में विकास का नया इतिहास लिखा जा रहा है। उन्होंने जनता के साथ मिलकर रेलमंत्री से इस रेलवे ट्रेक को कोटा राजस्थान तक ले जाने की मांग भी की है।

केन्द्रीय मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया

शिक्षक सम्मान समारोह–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरुकुल परंपरा हमारे देश की शिक्षा का आधार रही है। भारत विश्व गुरु के रूप में उस शिक्षक परंपरा को स्थापित करना चाहता है। मुख्यमंत्री आज भोपाल में शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा किया गया। अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुरेश सोनी, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान –2024 से डॉ. रामचंद्रन आर., प्रोफेसर के.के. अग्रवाल और प्रोफेसर कुसुमलता केडिया को सम्मानित किया।

शास्त्रीय भाषा–निर्णय का स्वागत

केन्द्र सरकार ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषा को शास्त्रिय भाषा का दर्जा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए इस निर्णय का लोगों ने स्वागत किया है। इसके साथ ही अब देश में शास्त्रिय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है। गुजरात विद्यापीठ के भारतीय भाषा संस्कृत संस्थान के नियामक डॉ दिव्येश भट्ट ने इस निर्णय के लिए सरकार का आभार जताया है।

डॉ दिव्येश भट्ट, नियामक

नवरात्र–सीएम

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज देवी मंदिरों में विशेष पूजा और हवन के आयोजन किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नवरात्रि पर होने वाला कन्या–पूजन मातृशक्ति की आराधना का प्रतीक है। साथ ही नवरात्रि, जीवन में ऋतु परिवर्तन की महत्ता को भी स्थापित करती है। मुख्यमंत्री आज सेवा भारती महावीर मंडल, भोपाल द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित विशाल कन्या–पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। देवास में शारदीय नवरात्री के अवसर पर आज रात स्थानीय सयाजी द्वार पर "शक्ति पर्व" का आयोजन किया जा रहा है। "शक्ति पर्व" में शक्ति आधारित भक्ति गीत, नृत्य नाटिका एवं भजन गायन का आयोजन होगा। नवरात्रि के अवसर पर आज रायसेन के बायपास पर स्थित कन्या परिसर में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस कन्या पूजन में नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया गया एवं कन्या पूजन के उपरांत छात्राओं को भोजन कराया गया। शिवपुरी में माता मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। साथ ही गरबा डांडिया महोत्सव भी चल रहे हैं।

उमरिया–प्रतिक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें जनजाति बाहुल्य आकांक्षी जिलों के गांवों में संपूर्ण विकास किया जाएगा, आदिवासी बाहुल्य उमरिया जिले को भी प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई इस योजना में शामिल किया गया है। योजना को लेकर जिले के हितग्राहियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया है।
बाइट– अंजली प्रधान, हितग्राही, उमरिया

ड्रग्स बरामद

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात एटीएस के साथ मिलकर प्रदेश के भोपाल से 18 सौ करोड रुपए से ज्यादा की ड्रग्स बरामद की है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। यह ड्रग्स भोपाल के पास बगरोदा गांव में संचालित एक फैक्ट्री से बरामद की गई है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सिंघवी ने एक सोशल मीडिया मैसेज में इसकी पुष्टि करते हुए नशे के खिलाफ संघर्ष में गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सराहना की है।

भारत–पाक महिला टी–20

महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 105 रन बनाए। जिसके जवाब में भारत ने 19वें ओवर में लक्ष्य को 4 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रित कौर ने 29 और शैफाली ने 32 रन बनाए। अरूणधति रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। उन्होंने 3 विकेट लिए। प्रतियोगिता में भारत की यह पहली जीत है।

भारत–बांग्लादेश टी20–ग्वालियर

भारत और बांगलादेश के बीच तीन टी–20 क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच आज ग्वालियर में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारत की ओर से आज मयंक

यादव और नीतीश कुमार रेड्डी अपना पहला मैच खेल रहे हैं। भारतीय टीम की कप्तानी सूर्य कुमार यादव कर रहे हैं। ग्वालियर के नवनिर्मित माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में यह मैच खेला जा रहा है।

समाचार संक्षेप में .....

- शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत कल आगरमालवा जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों भीमाखेड़ी, सुदवास, बड़ागांव, आदि पर दादी नानी सम्मान समारोह आयोजित किए गए।
- नर्मदापुरम के शोभापुर में सलकनपुर विजयासन माता के दर्शन करने जा रही एक श्रद्धालु युवती की ट्रैक्टर के कुचलने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
- नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन के अंतर्गत सीहोर जिले के दिवडिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रदेश के 10 टॉप चयनित स्वास्थ्य संस्थाओं मे चयन किया गया है। दिवाडिया को एनक्यूएएस की स्कोर टेबल में 92.5 प्रतिशत क्वालिटी सर्टिफाइड किया गया है।
- देवास जिले में वर्षा जल को सहेजने के उद्देश्य से "अमृत संचय अभियान" चलाया जा रहा है। जिले में अमृत संचय अभियान की टीम पानी बचाने का संदेश लेकर जिले में गाँव–गाँव पहुँच रही हैं।
- शिवपुरी जिले में खाद वितरण को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाए हैं। जिले में अभी 42 हजार 206 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है वहीं दूसरी ओर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद वितरण केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं ठीक रहे।

---------------------